भारत सरकार/ GOVERNMENT OF INDIA
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय/ MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
श्रम ब्यूरो/ LABOUR BUREAU
'क्लरमोंट', शिमला/ 'Cleremont', Shimla - 171 004
Tel.: (0177)-2653157, 2653158, 2653138, 2652918 Fax: (0177)-2655253
*E-mail: rleacpi@gmail.com*

संख्या /No.- 3/21/2021- सी.पी.आई.-ए.एल./आर.एल. दिनांक/Dated- 20-09-2021

***PRESS RELEASE***

**ALL-INDIA CONSUMER PRICE INDEX NUMBERS FOR AGRICULTURAL AND RURAL LABOURERS – AUGUST, 2021**


1. The All-India Consumer Price Index Numbers for Agricultural Labourers and Rural Labourers (Base: 1986-87=100) for the month of August, 2021 increased by 5 points and 4 points to stand at 1066 (One thousand and sixty six) and 1074 (One thousand and seventy four) points respectively. The major contribution towards the rise in general index of Agricultural Labourers and Rural Labourers came from Food group with 2.43 & 2.28 points respectively mainly due to rise in prices of rice, milk, mustard-oil, vanaspati, groundnut-oil, tea leaf etc.


2. The rise/fall in index varied from State to State. In case of Agricultural Labourers, it recorded an increase of 1 to 15 points in 15 States while a decrease of 2 to 13 points in 5 States. Tamil Nadu with 1247 points topped the index table whereas Himachal Pradesh with 839 points stood at the bottom.

3. In case of Rural Labourers, it recorded an increase of 1 to 16 points in 15 States while a decrease of 2 to 12 points in 5 States. Karnataka with 1235 points topped the index table whereas Bihar with 872 points stood at the bottom.

4. Amongst states, the maximum increase in the Consumer Price Index Numbers for Agricultural and Rural Labourers was experienced by Andhra Pradesh State (15 points & 16 points respectively) mainly due to rise in the prices of rice, ragi, fish-dry, sugar, tea readymade, shirting cloth cotton (mill), leather/plastic shoes, toilet soap, hair oil, barber charges etc. On the contrary, the maximum decrease in the Consumer Price Index Numbers for Agricultural and Rural Labourers was experienced by Kerala State (13 points and 12 points respectively) mainly due to fall in the prices of rice, tapioca, pulses, fish-fresh/dry, onion, chillies-green, vegetables and fruits, pan-leaf etc.


5. Point to point rate of inflation based on the CPI-AL and CPI-RL stood at 3.90% & 3.97% in August, 2021 compared to 3.92% & 4.09% respectively in July, 2021 and 6.32% and 6.28% respectively during the corresponding month of the previous year. Similarly, Food inflation stood at 2.13% & 2.32% in August, 2021 compared to 2.66% & 2.74% respectively in July, 2021 and 7.76% & 7.83% respectively during the corresponding month of the previous year.





6. All-India Consumer Price Index Number (General & Group-wise):

| Group | Agricultural Labourers | | Rural Labourers | |
|---|---|---|---|---|
| | July,2021 | Aug.,2021 | July,2021 | Aug.,2021 |
| **General Index** | **1061** | **1066** | **1070** | **1074** |
| Food | 1004 | 1007 | 1011 | 1014 |
| Pan, Supari, etc. | 1819 | 1818 | 1831 | 1830 |
| Fuel & Light | 1143 | 1150 | 1138 | 1145 |
| Clothing, Bedding &Footwear | 1071 | 1079 | 1089 | 1097 |
| Miscellaneous | 1113 | 1120 | 1116 | 1123 |




7. The CPI – AL and RL for the month of September, 2021 will be released on 20th October, 2021.

20/9/2021

(S.S. NEGI)
DY. DIRECTOR GENERAL

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय / MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
श्रम ब्यूरो / LABOUR BUREAU
'क्लरमोंट', शिमला / 'Cleremont', Shimla - 171 004
Tel.: (0177)-2653157, 2653158, 2653138, 2652918
E-mail: rleacpi@gmail.com

संख्या /No.- 3/21/2021- सी.पी.आई.-ए.एल./आर.एल. दिनांक /Dated- 20-09-2021

## प्रैस विज्ञप्ति

## कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - अगस्त, 2021


1. कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार 1986-87 = 100) माह अगस्त, 2021 में 5 अंक तथा 4 अंक बढ़ कर क्रमशः 1066 (एक हजार छियासठ) तथा 1074 (एक हजार चौहत्तर) अंकों के स्तर पर रहे। सूचकांक में इस वृद्धि का मुख्य योगदान खाद्य समूह का क्रमशः 2.43 और 2.28 अंक रहा। यह वृद्धि मुख्यतः चावल, दूध, सरसों का तेल, वनस्पति, मूंगफली-तेल, चाय की पत्ती इत्यादि की कीमतों में वृद्धि के कारण रही।


2. विभिन्न राज्यों के सूचकांकों में वृद्धि / गिरावट भिन्न-भिन्न रही। कृषि श्रमिकों के लिए 15 राज्यों के सूचकांकों में 1 से 15 अंकों की वृद्धि रही जबकि 5 राज्यों के सूचकांकों में 2 से 13 अंकों की गिरावट रही। तमिलनाडु राज्य का सूचकांक 1247 अंकों के साथ सूचकांक तालिका में शिखर पर रहा जबकि हिमाचल प्रदेश राज्य का सूचकांक 839 अंकों के साथ सबसे नीचे रहा।

3. ग्रामीण श्रमिकों के लिए 15 राज्यों के सूचकांकों में 1 से 16 अंकों की वृद्धि रही जबकि 5 राज्यों के सूचकांकों में 2 से 12 अंकों की गिरावट रही। कर्नाटक राज्य का सूचकांक 1235 अंकों के साथ सूचकांक तालिका में शिखर पर रहा जबकि बिहार राज्य का सूचकांक 872 अंकों के साथ सबसे नीचे रहा।

4. राज्य स्तर पर, कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों में आंध्र प्रदेश राज्य में अधिकतम वृद्धि क्रमशः 15 एवं 16 अंको की मुख्यतः चावल, रागी, सूखी मछली, चीनी, चाय बनी हुई, कमीज का कपड़ा (सूती मिल), चमड़े/प्लास्टिक के जूते, नहाने का साबुन, केश-तेल, नाई-प्रभार इत्यादि की कीमतों में बढ़ोत्तरी के कारण रहीं। इसके विपरीत कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए केरल राज्य के उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों में अधिकतम कमी क्रमशः 13 एवं 12 अंको की मुख्यतः चावल, साबूदाना, दालें, ताज़ा/सूखी मछली, प्याज, हरी मिर्च, सब्जियां एवं फल, पान-पत्ता इत्यादि की कीमतों में कमी के कारण रही।


5. कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति की यथार्थ दर माह अगस्त, 2021 में 3.90% और 3.97% रही जो कि जुलाई, 2021 में 3.92% और 4.09% तथा गत वर्ष के इसी माह के दौरान क्रमशः 6.32 और 6.28% थी। इसी तरह, खाद्य मुद्रास्फीति की यथार्थ दर माह अगस्त, 2021 में 2.13% और 2.32% रही जो कि जुलाई, 2021 में 2.66% और 2.74% तथा गत वर्ष के इसी माह के दौरान क्रमशः 7.76% और 7.83% थी।





6. अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य एवं वर्ग वार)

| वर्ग | कृषि श्रमिक | | ग्रामीण श्रमिक | |
|---|---|---|---|---|
| | जुलाई, 2021 | अगस्त, 2021 | जुलाई, 2021 | अगस्त, 2021 |
| सामान्य सूचकांक | **1061** | **1066** | **1070** | **1074** |
| खाद्य | 1004 | 1007 | 1011 | 1014 |
| पान, सुपारी आदि | 1819 | 1818 | 1831 | 1830 |
| ईंधन एवं प्रकाश | 1143 | 1150 | 1138 | 1145 |
| कपड़े, बिस्तरे व जूते | 1071 | 1079 | 1089 | 1097 |
| विविध | 1113 | 1120 | 1116 | 1123 |




7. माह सितंबर, 2021 के लिए कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 20 अक्टूबर, 2021 को जारी किया जाएगा।

20/9/2021

(एस. एस. नेगी)
उप महानिदेशक